RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : मंगलवार, 18 अक्टूबर 2022 | वर्ष 04 | अंक 157 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक

# रोकठोक लेखनी

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## शिवसेना नेता संजय राउत के बाद अब ED के रडार पर

# एनसीपी नेता अजित पवार?





**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में जिस तरफ से राजनीति चल रही है, ऐसे में कब किस पर क्या मुसीबत आ जाए कोई बता नहीं सकता। इसी बीच खबर मिली है कि, शिवसेना नेता संजय राउत के बाद अब एऊके रडार पर एनसीपी नेता अजित पवार मुश्किलें में फंस सकते है। महाराष्ट्र स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक घोटाला मामले में ईडी द्वारा जांच होने की संभावना जताई जा रही है। मीडिया खबर के अनुसार, महाराष्ट्र स्टेट कोऑपरेटिव बैंक (शिखर बैंक) घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा अजीत पवार और 76 अन्य निदेशकों की फिर से जांच किए जाने की संभावना है। आर्थिक अपराध शाखा ने कहा था कि, पवार और 76 अन्य के खिलाफ आगे की कार्रवाई के लिए कोई ठोस सबूत नहीं मिला है। ऐसे में ईओडब्ल्यू ने रिपोर्ट कोर्ट को सौंपी थी। वहीं, ईओडब्ल्यू बताया कि, मूल शिकायतकर्ता द्वारा दायर विरोध याचिका और ईडी की रिपोर्ट के आधार पर अब इस मामले की आगे की जांच शुरू की गई। बता दें कि, शिखर बैंक घोटाला मामले में सुरिंदर अरोड़ा ने शिकायत दर्ज कराई है। इसी के तहत पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार के साथ विजयसिंह मोहिते-पाटील, आनंदराव अडसुल, शिवाजीराव नलावडे और कई अन्य बड़े नेताओं के खिलाफ एमआरए थाने में मामला दर्ज किया गया था। सुरिंदर अरोड़ा ने कोर्ट में याचिका दायर की है। जिसमें उन्होंने कहा कि, इस मामले में करीब 25 हजार करोड़ का घोटाला हुआ है। महाविकार अघाड़ी सरकार के दौरान महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक का इस्तेमाल किया गया था। आरोप है कि इस बैंक द्वारा 25 हजार करोड़ का कर्ज बांट दिया गया। इसके बारे में जानकारी मिलने के बाद 2011 में रिजर्व बैंक ने राज्य सहकारी बैंक के निदेशक मंडल को बर्खास्त कर दिया था और इस मामले में जांच के आदेश दिए थे। घोटाले के समय मौजूद सभी मंत्रियों और बैंक अधिकारियों के नाम प्राथमिकी में दर्ज किए गए हैं। हालांकि, महाविकास अघाड़ी सरकार बनने के बाद अजित पवार और अन्य लोगों के खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं मिलने का दावा करते हुए पुलिस ने अदालत में एक रिपोर्ट दायर कर मामले को बंद करने की मांग की।

## उद्धव की उम्मीदवार के लिए BJP ने छोड़ा मैदान...!

# अंधेरी ईस्ट से निर्विरोध जीतेंगी उद्धव की कैंडिडेट

## शुक्र गुजार हूं कि मेरी अपील पर गौर किया- राज ठाकरे

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे ने मुंबई की अंधेरी पूर्व विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में उम्मीदवार ना उतारने के भाजपा के फैसले के लिए राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस को सोमवार को धन्यवाद कहा। फड़णवीस को लिखे पत्र में ठाकरे ने भाजपा के वरिष्ठ नेता को अपना ''प्रिय मित्र'' बताया और कहा कि सकारात्मक राजनीतिक संस्कृति जरूरी है। उन्होंने कहा कि टठर ने हमेशा ऐसी सकारात्मक संस्कृति को बढ़ावा देने की वकालत की है। राज ठाकरे ने कहा, ''मैं शुक्र गुजार हूं कि आपने मेरी अपील पर गौर किया।''



### मई में हुई थी शिवसेना विधायक की मौत

राज ठाकरे द्वारा डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस को रविवार को एक पत्र लिखने के बारे में पूछे जाने पर राउत ने कहा, 'यह सब स्क्रिप्टेड (तयशुदा) है।' इससे पहले दिन में भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि उनकी पार्टी ने अंधेरी पूर्व उपचुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, ''भाजपा ने पहले भी कुछ उपचुनाव नहीं लड़े थे।'' उन्होंने कहा कि मुरजी पटेल चुनाव जीत जाते। सोमवार को अपना नामांकन वापस लेने वाले पटेल के सामने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले शिवसेना के धड़े की ऋतुजा लटके मुख्य प्रतिद्वंद्वी थीं। इस साल मई में शिवसेना विधायक रमेश लटके की मृत्यु के कारण अंधेरी पूर्व विधानसभा सीट पर उपचुनाव हो रहा है।

## रणवीर सिंह ने कानून तोड़ते हुए मुंबई की सड़कों पर दौड़ाई 3.9 करोड़ की कार!

### लोगों ने की कार्रवाई की मांग



रणवीर सिंह के पास कई लग्जरी गाड़ियां हैं और अक्सर उन्हें मुंबई की सड़कों पर इनकी सवारी करते देखा जा सकता है। लेकिन हाल ही में जब वे अपनी 3.9 करोड़ की कार से मुंबई की सड़कों पर निकले तो उनके खिलाफ सख्त एक्शन की मांग होने लगी। यह बात कर रहे हैं उनकी उस ऑस्टिन मार्टिन कार की, जो उन्होंने कुछ साल पहले ही खरीदी है।

## दिवाली के मौके परऑनलाइन शॉपिंग करना पड़ सकता है महंगा...!





**ठाणे:** दिवाली के मौके पर नागरिकों को ऑनलाइन खरीदारी करना महंगा पड़ सकता है। ऐसे उन्हें सावधान रह कर शॉपिंग करना चाहिए क्योंकि कम कीमत पर प्रोडक्ट बेचने का लालच देकर ठग कुछ धोखाधड़ी करने की फिराक में है। ठग फर्जी वेबसाइटों प्रसारित कर रहे हैं। यदि व्यक्ति बैंक विवरण भरता है तो ठग द्वारा ही खाता खाली कर दिया जाता है। इस तरह की धोखाधड़ी को रोकने के लिए ठाणे पुलिस ने भी जन जागरूकता शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, थोड़ी सावधानी बरत कर ठगी से बचा जा सकता है। त्यौहारों के अवसर पर नागरिकों द्वारा बड़ी मात्रा में ऑनलाइन सामान और कपड़े खरीदे जाते हैं। दिवाली में ऑनलाइन शॉपिंग ज्यादा होती है। इसी मौके का फायदा उठाकर ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह सक्रिय हो रहे हैं। व्हाट्सएप, टेलीग्राम, फेसबुक जैसे सोशल मीडिया पर फर्जी वेबसाइट या अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के लिंक बनाए जाते हैं। ठाणे पुलिस ने दी हिदायत ग्राहक अक्सर प्रलोभन के कारण उस लिंक पर जाते हैं क्योंकि वस्तुएं कम कीमत पर उपलब्ध होते है। ठाणे पुलिस ने बताया कि आने वाले दिनों में दिवाली आने वाली है। एक बार फिर से नागरिकों में ऑनलाइन शॉपिंग का चलन अधिक होगा। नागरिकों के साथ धोखाधड़ी न हो इसलिए ठाणे पुलिस ने विभिन्न चैनलों के माध्यम से खरीदारी करने से पहले नागरिकों को उचित सावधानी बरतने की हिदायत दी है।

## कल्याण में 139 बिजली चोरों के खिलाफ कार्रवाई!

**कल्याण :** महावितरण के कल्याण पश्चिम मंडल में मोहने बिजली लाइन पर बिजली चोरों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। पिछले डेढ़ महीने में इस चैनल पर 149 बिजली चोरों के खिलाफ कार्रवाई की गई है और 41 लाख 57 हजार रुपए की बिजली चोरी का खुलासा किया गया है। महावितरण ने जानकारी दी है कि इस क्षेत्र में बिजली चोरों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। महावितरण से मिली जानकारी के अनुसार, कल्याण परिमंडल के मुख्य अभियंता धनंजय औंधेकर और कल्याण मंडल एक अधीक्षक



अभियंता दीपक पाटिल के मार्गदर्शन में और कार्यकारी अभियंता दिगंबर राठौड़ के नेतृत्व में यह अभियान चल रहा हैं। बिजली हानि कल्याण पश्चिम मंडल में सबसे ज्यादा मोहने पावर लाइन नंबर सात के माध्यम से वडवली, अटाली, अंबीवली, नवनाथ नगर, संतोषी माता और अंबीवली स्टेशन के क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति की जाती है।



## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# चूहों में मानव दिमाग...!

*मानव दिमाग या मस्तिष्क अभी भी कुछ हद तक रहस्य का विषय है और उसकी खोज में वैज्ञानिकों की एक बड़ी जमात लगी हुई है। इसी खोज के तहत पहली बार मानव मस्तिष्क के एक छोटे हिस्से को चूहों में लगाने में कामयाबी मिली है। इससे पहले भी ऐसे ही प्रयोग की कोशिशें हुई थीं, लेकिन चूहों के शरीर या दिमाग ने मानव हिस्से को स्वीकार नहीं किया था। नैतिकता को लेकर भी बहस तेज हो जाएगी, लेकिन इसमें गौर करने की बात यह है कि मस्तिष्क किसी जीवित या मृत मानव से नहीं लिया गया है। प्रयोगशाला में विकसित मानव मस्तिष्क के ऊतकों के छोटे-छोटे या कुछ मिलीमीटर व्यास के हिस्सों को चूहे के दिमाग में प्रत्यारोपित किया गया है। इसे स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के शोधकताओं ने मानव स्टेम कोशिकाओं को ऊतक के त्रि-आयामी गुच्छों में विकसित करके तैयार किया है। ब्रेन ऑर्गेनॉइड कहे जाने वाले इन सरलीकृत दिमागी संरचनाओं में वास्तविक मानव मस्तिष्क की कुछ कोशिकाएं और गुण मौजूद हैं, जो चूहों के विकास व तंत्रिका संबंधी संरचना पर असर डाल सकते हैं।*

*यह बड़ी कामयाबी है कि इस बार प्रयोग ने काम किया है। ऑर्गेनॉइड ने जानवरों के मस्तिष्क सर्किट के साथ संबंध बना लिए हैं, आने वाले दिनों में चूहों पर इसका असर दिख सकता है। बताया जाता है कि स्टैनफोर्ड की टीम ने मानव कोशिकाओं के समूहों को नवजात चूहों के सोमैटोसेंसरी कॉर्टिस में प्रत्यारोपित किया, यह दिमाग का वह हिस्सा होता है, जो पूरे शरीर से संवेदी सूचनाओं, जैसे स्पर्श इत्यादि को संसाधित या 'प्रोसेस' करता है। मानव मस्तिष्क ने चूहों के मस्तिष्क के एक तिहाई हिस्से पर कब्जा कर लिया है। नेचर पत्रिका में प्रकाशित विस्तृत रिपोर्ट के अनुसार, वैज्ञानिक उन चूहों का गहराई से अध्ययन कर रहे हैं। इससे मस्तिष्क पर हो रहे प्रयोगों को बहुत बल मिलने वाला है। वैज्ञानिकों की इस टीम ने अपने पहले के प्रयोग में देखा था कि मानव हिस्सा चूहों में सफलतापूर्वक परिपक्व नहीं हो पाया। इसलिए इस बार मानव मस्तिष्क के हिस्से को चूहों की संरचना के अनुरूप ही तैयार किया गया। नवजात चूहों पर यह प्रयोग किया गया है और प्राप्त सफलता साफ बताती है कि इस तरह का प्रयोग वयस्क हो चुके मस्तिष्क पर अभी कामयाब नहीं होगा। किसी वयस्क मस्तिष्क में ऐसे प्रयोग को कामयाब बनाने में वैज्ञानिकों को और मेहनत करने की जरूरत पड़ेगी। स्टैनफोर्ड के शोधकताओं ने अपने कुछ ऑर्गेनॉइड को टिमोथी सिंड्रोम के रोगियों से ली गई कोशिकाओं से विकसित किया है, यह एक गंभीर आनुवंशिक बीमारी है। अगर प्रयोगशाला में पलने वाले चूहों में इस बीमारी के प्रभाव का अध्ययन किया जा रहा है, तो फिर अन्य दिमागी रोगों के अध्ययन में भी लाभ मिलना तय है। अभी मानव मस्तिष्क पर सीधे काम करना या प्रयोग करना खतरे से खाली नहीं है, इसलिए वैज्ञानिकों ने मानसिक रोगों के अध्ययन में चूहों से सहयोग लेना तय कर रखा है। चूहों के मस्तिष्क के उन हिस्सों को सक्रिय गया है, जो इनाम चाहते हैं। खैर, मानव मस्तिष्क के मटर से भी छोटे आकार के हिस्से का प्रयोग हो रहा है। एक आशंका यह भी है कि प्रयोग चूहों के हित में नहीं है और चूहों में अवांछित असर भी दिख सकता है। बहरहाल, वैज्ञानिक प्रमाण खोज रहे हैं, चूहों पर बुरा असर हुआ, तो विवाद होगा, लेकिन अगर चूहों पर सामान्य असर हुआ और चिकित्सा विज्ञान समृद्ध हुआ, तो पूरी दुनिया स्वागत करेगी।*

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# प्रयागराज में डेंगू का कहर, एक ही दिन में चार की मौत...!

**प्रयागराज :** प्रयागराज में डेंगू ने कहर बरपा रखा है। एक ही दिन में जिले में डेंगू बुखार से चार लोगों की मौत हो गई है। फाफामऊ में जहां बीफॉर्मा की छात्रा समेत तीन लोगों ने इस बीमारी से दम तोड़ दिया वहीं सलोरी की रहने वाली 35 वर्षीय सहायक अध्यापिका की लखनऊ से प्रयागराज लाते समय रास्ते में मौत हो गई। इस बीच जिले में रविवार को डेंगू के 34 मरीज मिले। इसी के साथ अभी तक सामने आने वाले मरीजों की संख्या 463 तक पहुंच गई है।

ओमगायत्री नगर सलोरी की रहने वाली तनु शुक्ला पत्नी राजीव तिवारी होलागढ़ के प्राथमिक विद्यालय कल्याणपुर प्रथम में सहायक अध्यापिका के पद पर तैनात थीं। उन्हें 29 सितंबर को बुखार आया। उन्हें शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के डॉक्टरों ने डेंगू का इलाज शुरू किया। इसके बाद






तनु का इलाज घर में चल रहा था। घर में उनकी तबीयत फिर से बिगड़ने लगी। उन्हें फिर से निजी अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन डॉक्टरों ने हाथ खड़े कर दिए। गंभीर हालत में उन्हें लखनऊ के मेदांता अस्पताल में भर्ती किया गया। पति राजीव के मुताबिक डेंगू के इलाज इस बीच तनु को किडनी और फेफड़े की बीमारी सामने आने लगी। 13 अक्तूबर मेदांता के चिकित्सकों ने जवाब दे दिया। जिसके बाद शनिवार को परिजन तनु को लेकर घर वापस आ रहे थे। रास्ते में कुंडा के पास तनु ने दम तोड़ दिया।

वहीं डेंगू से ही फाफामऊ के मातादीन का पूरा गांव की 21 वर्षीय बीफार्मा की छात्रा मंदाकिनी पटेल पुत्री रमेश कुमार की शनिवार को मौत हो गई। मंदाकिनी का इलाज निजी चिकित्सालय में चल रहा था। छात्रा के पिता ने बताया कि मंदाकिनी को डेंगू था। फाफामऊ की ही दलित बस्ती की उर्मिला (35) पत्नी दासे और शुकरू (55) की शनिवार की देर शाम मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि दोनों को डेंगू बुखार था।

प्रयागराज में रविवार को डेंगू के 34 मरीज मिले। इसी के साथ अभी तक सामने आने वाले मरीजों की संख्या 463 तक पहुंच गई है। स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि 403 मरीज इलाज के बाद ठीक हो चुके हैं। गंभीर 45 मरीजों का अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है। रविवार को छुट्टी का दिन होने के बाद भी कैंटोनमेंट बोर्ड हॉस्पिटल में बुखार पीड़ित 80 लोगों का इलाज किया गया। स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में बुखार पीड़ित मरीज पहुंचे। यहां डेंगू वार्ड के लिए आरक्षित 90 बेड में 75 फुल हो चुके हैं। भर्ती मरीजों में 45 मरीज डेंगू पॉजिटिव हैं। बेली अस्पताल में 100 बेड फुल हो जाने से मरीजों को अब स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल भेजा जा रहा है। कॉल्विन अस्पताल में डेंगू वार्ड के लिए आरक्षित 50 बेड में 38 फुल हो चुके हैं।

फाफामऊ इलाके में दर्जनों लोग अभी भी डेंगू से पीड़ित हैं। इनमें फाफामऊ थाने की सिपाही नेहा यादव, महिमा प्रजापति, वंदना यादव, अजय यादव, अखिलेश कुमार, प्रेम कुमार, लोकेश कुमार, सरिता मौर्य, रूबी, राकेश मौर्य आदि हैं।

# नेशनल पार्क में बनेगी सबसे लंबी सुरंग, इतने मिनट में बोरीवली से ठाणे का होगा सफर



**मुंबई :** एमएमआर में भारी ट्रैफिक की समस्या सुलझाने के लिए शिंदे-फडणवीस सरकार विभिन्न इंफ्रा परियोजनाओं को बढ़ावा देने में लगी है। मुंबई के पश्चिमी उपनगर बोरीवली से ठाणे की यात्रा डेढ़ घंटे की बजाय 15 से 20 मिनट में पूरी करने की योजना बनाई गई है। इसके तहत संजय गांधी नेशनल पार्क के अंदर से भूमिगत सड़क मार्ग बनाने का प्लान एमएमआरडीए ने बनाया है। बताया गया कि परियोजना रिपोर्ट तैयार हो गई है, अगले दो माह में एमएमआरडीए के माध्यम से निविदा जारी की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे स्वयं ठाणे से बोरिवली तक अंडरग्राउंड रोड को लेकर सक्रिय हैं। उद्धव सरकार में यह योजना ठंडे बस्ते में चली गई थी, अब मुख्यमंत्री के निर्देश पर एमएमआरडीए इसे आगे बढ़ाने में लग गया है।

बताया गया कि इस प्रोजेक्ट पर करीब सात हजार करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। बोरीवली और ठाणे के बीच सबसे लंबी सड़क सुरंग होगी। फिलहाल बोरीवली जाने के लिए घोड़बंदर रोड का उपयोग होता है। इस रूट पर भारी ट्रैफिक जाम की वजह से बोरीवली से ठाणे का सफर तय करने में 1 से 1.5 घंटे का समय लगता है। संजय गांधी उद्यान के तहत एमएमआरडीए द्वारा 11.8 किमी लंबी सुरंग का निर्माण किया जाएगा। जो सबसे लंबी सुरंग होगी। नेशनल पार्क होने के कारण इसके लिए केंद्रीय पर्यवारण विभाग की मंजूरी भी आवश्यक होगी। अगले दो महीने में टेंडर निकलने और ठेकेदार की नियुक्ति के बाद इस सुरंग का काम पांच साल में पूरा कर लिया जाएगा।

# राज्य में बढ़ी बीयर की मांग!

## राज्य सरकार की तिजोरी में जमा हुए 10 हजार करोड़...

**मुंबई :** कई लोगों को कोरोना महामारी के वे दिन भी याद होंगे जब बीयर और शराब की दुकानों से पाबंदियां हटाई गई थीं। बीयर और अल्कोहल के चाहने वालों की लाइनें दुकानों के सामने डेढ़-डढ़ किलोमीटर तक लग रही थीं। लेकिन अब तो कोरोना महामारी भी मागभग खत्म हो चूका हैं। महाराष्ट्र में बीयर की ब्रिकी ने रिकॉर्ड तोड़ दिया है। छह महीने में राज्य में बीयर की बिक्री में ऐसी उछाल आई कि सरकार के खजाने में 10 हजार करोड़ की रकम जमा हो गई।

महाराष्ट्र में पिछले छह महीने में बीयर की बिक्री में 81 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। इन बिक्रियों से राज्य सरकार की तिजोरी में पिछले छह महीने में दस हजार करोड़ रुपए का राजस्व जमा हुआ है। राज्य उत्पादन शुल्क विभाग ने इस बात की जानकारी दी है। बता दें कि महाराष्ट्र में अप्रैल से सितंबर तक के आकंड़ों के मुताबिक इन छह महीनों में 16.90 करोड़ लीटर बीयर बीके है। पिछले साल कोरोना की वजह से कई तरह के कोरोना नियम और प्रतिबंध लागू थे। बीयर के साथ ही वाइन और शराब की बिक्री में भी



51.52 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई हैं। इस साल 49 लाख लीटर वाइन की बिकी हुई है। पिछले साल 32.4 लाख लीटर वाइन की बिक्री हुई थी।

एक्साइज डिपार्टमेंट ने बताया कि ग्रामीण इलाकों में वाइन की मांग और बिक्री में बढ़ोतरी हुई है। वहीं, विदेशी शराब की बिक्री की बात करें तो पिछले साल अप्रैल से सितंबर के बीच 10.34 करोड़ लीटर से बढ़ कर इस साल 12.97 करोड़ लीटर की बिक्री तक पहुंच गई हैं। दूसरी तरफ, देशी शराब की बिक्री 15 करोड़ लीटर से बढ़ कर 18.94 करोड़ लीटर तक हो गई है। इन दोनों ही प्रकार की शराब की बिक्री में 26 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। जैसे-जैसे वाइन, बीयर और शराब की मांग बढ़ती रही राज्य सरकार की तिजोरी में रकम उतनी ही तेजी से और बढ़ती रही। इस साल अप्रैल से 14 अक्टूबर तक राज्य सरकार की तिजोरी में करीब 10 हजार 34 करोड़ रुपए जमा हो गया हैं।



# हीरा कारोबारी से जबरन वसूली के लिए मुंबई पुलिस के दो पुलिसकर्मी गिरफ्तार



**मुंबई** : मुंबई के सर जेजे मार्ग पुलिस में तैनात एक सहायक उप निरीक्षक (एएसआइ) और एक पुलिस कान्स्टेबल को कथित तौर पर एक हीरा कारोबारी से जबरन वसूली करने के मामले में शनिवार सुबह गिरफ्तार किया गया है। इस घटना के बारे में बिजनेसमैन के ट्वीट करने के बाद आरोपित एएसआइ सुनील वर्तक (57) और कान्स्टेबल विजय गायकवाड़ (32) के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाइ की। गौरतलब है कि 40 वर्षीय शिकायतकर्ता हीरा कारोबारी गिरगांव के रहने वाले हैं। घटना वाले दिन वह इचलकरंजी से कैब में बैठकर अपने चचेरे भाई के साथ घर आ रहे थे, तभी रास्ते में पड़ने वाले जेजे चौराहे पर सुबह के करीब 8.15 बजे पुलिसवालों ने उनकी गाड़ी को रोका।

इनके पास से कुछ कीमती सामानों की बरामदगी करने के बाद पुलिसवाले इन्हें अपनी वैन में बिठाकर पुलिस स्टेशन ले गए और सामान छुड़ाने के लिए कथित तौर पर 50,000 रुपये मांगे। उस वक्त इन्होंने पुलिस को जैसे-तैसे 10,000 रुपये दिए जिसके बाद इन्हें वहां से जाने की इजाजत दी गई।

इसके बाद कारोबारी ने पुलिस तक अपनी बात पहुंचाने के लिए ट्विटर का सहारा लिया और पूरी घटना का जिक्र कर डाला। इसके बाद प्रशासन ने उनके संपर्क कर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। शिकायतकर्ता को जेजे मार्ग पुलिस स्टेशन बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया। बाद में पुलिस ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 384 (जबरन वसूली) 341 (गलत तरीके से किसी को रोकना) और 34 (आपराधिक गतिविधि) के तहत मामला दर्ज कर दोनों आरोपित पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया, आरोपित पुलिसकर्मियों ने उनसे जो पैसे लिए थे हमने उसे भी जब्त कर लिया है।

# संतों की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करेंगे: देवेंद्र फडणवीस

**ठाणे** : घोडबंदर रोड के स्वास्तिक मैदान पर देवकीनंदन ठाकुर के सानिध्य में चल रही भागवत कथा के राष्ट्रीय संत सम्मेलन में संतों ने सनातन धर्म के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के खिलाफ एकजुटता की हुंकार भरी । शंकराचार्य वासुदेवानंद सरस्वती ने कहा कि धैर्य धारण हमारा धर्म है और यही हमारी पहचान रही है, लेकिन सनातन धर्म को टार्गेट किया जाता रहा है। उन्होंने पीएम मोदी की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि धर्म को लेकर उनकी सोच स्पष्ट दिखाई देती है। संत सम्मेलन में अतिथि के रूप में उपस्थित उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र में संतो की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करेंगे। संतों या किसी भी धर्म का अपमान करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि विश्व की सबसे पुरानी सनातन संस्कृति है, हमारी पहचान को समाप्त करने की कोशिश की गई, मंदिर तोड़े गए, लेकिन संतों ने मन में जीवित रखा। हिन्दुओं ने किसी को आक्रमण नहीं किया। ईश निंदा के खिलाफ कठोर



कानून बने देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि बॉलीवुड में सनातन धर्म को टारगेट करने वाली फिल्म बनाते हैं, आदिपुरुष में राम और रावण का चरित्र हनन किया जा रहा है। संत अपना दर्द किससे कहे, संत मरे तो संस्कृति मरेगी। ईश निंदा करने वालों के लिए कठोर कानून बनाने की मांग उन्होंने की। महामंडलेश्वर यतींद्रानंद गिरी महाराज ने कहा मानव और दानव में भेद नहीं जो माता पिता और ईश्वर को नहीं मानता वह मानव नहीं। जन्म के साथ धर्म का निर्धारण हो जाता है। जो हिन्दूस्तान से प्रेम करता है, वह हिंदु है, रसखान रहीम हिन्दू हैं। उन्होंने कहा कि अलगाववादी का ट्रीटमेंट करना होगा। पीएम ने संस्कृति बचाई है। धर्म की नगरी रही है ठाणे भागवत कथा की मुख्य संयोजिका श्वेता शालिनी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि शिलाहार राजा की धरती ठाणे धर्म की नगरी रही है। 'श्रीस्थानक' ठाणे से आज संतो का यह सनातन संदेश हमारी संस्कृति सभ्यता को मजबूती प्रदान करेगा। सम्मेलन में उपमुख्यमंत्री के अलावा केंद्रीय मंत्री कपिल पाटिल, विधायक निरंजन डावखरे, गणपत गायकवाड़, यूपी से आए विधायक रमेश मिश्र, शिक्षाविद दीपक राय, कैप्टन एस.के. राय आदि उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत आयोजन समिति के पवन शर्मा, महेश जोशी, पवन अग्रवाल, डॉ समीरा भारती, रवि तिवारी, इंद्रेश राय, योगेश दुबे आदि सदस्यों ने किया।

# पालघर : ट्रक से बरामद की गुटखे की बड़ी खेप,91 लाख से ज्यादा का माल जप्त,1 गिरफ्तार



**पालघर** : एमबीवीवी पुलिस आयुक्तालय अंतर्गत पुलिस ने गुटखा माफियाओं पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया। अभी हाल ही में पेल्हार पुलिस ने एक करोड़ के आसपास गुटखा का जखीरा बरामद किया था, इसके बाद आज वालीव पुलिस ने 71 लाख से अधिक गुटखा जब्त किया है। इस मामले में पुलिस ने 4 आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के मुताबिक वालीव पुलिस ने भिवंडी -कमान रोड नांगले गांव अंतर्गत आयशर टेम्पो क्र.यूपी 80- डिटी 0502 से भारी मात्रा में गुटखा का जखीरा जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि टेम्पो से विभिन्न प्रकार के गुटखा बरामद किया गया है,तकरीबन 71 लाख 33 हजार 184 रुपये का माल बरामद किया गया है।

# मोबाइल पर पता चलेगा PMP का लाइव लोकेशन... !

## ट्रैफिक जाम में फंसी बस की जानकारी भी मिलेगी



**पुणे:** अगर आप बस स्टैंड पर रुके हो या ऑफिस में हो। आपको अब पीएमपी के बस की लाइव लोकेशन पता चलेगी। यात्रियों को मोबाइल पर बस का लोकेशन पता चलेगा। यात्रियों को अगर बस ट्रैफिक जाम में फंसी है और बस के आने में देरी है और कई जानकारी यात्रियों को मिलेगी क्योंकि पीएमपीएमएल और गूगल ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किया है। यह नई सेवा दिवाली के बाद शुरू होगी। पीएमपी और गूगल के बीच कुछ दिनों पहले एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे। इसके बाद गूगल की टीम ने सभी तकनीकी पहलुओं को पूरा किया। इससे पहले पीएमपी ने बसों की लाइव लोकेशन को समझने के लिए आईटीएमएस का प्रयोग किया था, लेकिन इसकी जानकारी सिर्फ पीएमपी प्रशासन को मिलती थी। बस की लोकेशन की जानकारी यात्रियों को नहीं होती थी। 20 रुटों पर 20 बसों के माध्यम से पायलट प्रोजेक्ट अब यात्रियों को भी बस का लोकेशन पता चलेगा। पीएमपी और गूगल के बीच हुए समझौते के तहत अब गूगल यह सर्विस फ्री में देने जा रहा है। इस सुविधा का नाम 'लाइव ट्रकिंग फॉर कम्युटर्स' है। पीएमपी ने पायलट प्रोजेक्ट के तहत 20 बसों और 20 रूटों का चयन किया हैं। गूगल चार महीने तक इसका परीक्षण करेगा।

इसके बाद इसे सभी बस रूटों पर लागू किया जाएगा। इससे यात्रियों को काफी मदत मिलेगी। यात्रियों के लिए फायदेमंद होगी ये सेवा पीएमपीएमएल की सह प्रबंध निदेशक डॉ. चेतना केरुरे ने बताया कि गूगल मैप एप में यात्रा के आरंभ और पहुंचने के स्थानों के बारे में जानकारी प्रदान करते हैं। बस के लाइव लोकेशन के लिए भी यहीं करना है। अगर यात्री गूगल मैप में स्वारगेट टू कात्रज टाइप करेगा, तो यात्रियों को उस रूट पर चलने वाली बसों, उनकी लाइव लोकेशन, उनके समय की जानकारी उनके मोबाइल पर मिल जाएगी।

# नवीमुंबईमें471पुलिसकर्मियों का विभागीय तबादला

**नवी मुंबई** : एक ही स्थान पर 5 साल से काम कर रहे 471 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों का विभागीय तबादले की सूची पर पुलिस कमिश्नर ने हस्ताक्षर किया है। जिससे इन पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के विभागीय तबादले पर मुहर लग गई है। तबादले की सूची में 16 पुलिस उपनिरीक्षक, 15 सहायक पुलिस उप निरीक्षक, 144 पुलिस हवलदार, 94 पुलिस नायक, 197 पुलिस सिपाही और 5 अन्य कर्मचारी शामिल हैं।




गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा जारी आदेश के अनुसार, जिन पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक ही स्थान पर 5 साल का कार्यकाल पूरा कर लिया है, उनका विभागीय तबादला करना अनिवार्य है। जिस पर अमल करते हुए पुलिस कमिश्नर विपिन कुमार सिंह द्वारा उक्त पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों का विभागीय तबादला किया गया है। तबादले में पुलिस स्टेशन, कंट्रोल रूम, पुलिस मुख्यालय, ट्रैफिक विभाग, क्राइम ब्रांच, आरबीआई, अतिक्रमण और स्पेशल ब्रांच में कार्यरत पुलिस अधिकारी और कर्मचारी शामिल हैं।


# पुरानी टैक्सियों को करना पड़ सकता है दिक्कतों का सामना...

## सीट बेल्ट अनिवार्य : टैक्सी चालकों और यात्रियों के बीच हो सकता है विवाद

**मुंबई** : चार पहिया वाहनों में सभी यात्रियों के लिए भी सीट बेल्ट अनिवार्य किए जाने के बाद अब



परिवहन विभाग की तरफ से बताया जा रहा है कि वाहन फिटनेस प्रमाण पत्र जारी करने से पहले वे इस बात की पुष्टि करेंगे कि क्या वाहन में सीट बेल्ट नियम का पालन किया जा रहा है? साथ ही अगर यदि यह पाया जाता है कि चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट नहीं है तो वाहन मालिक को फिटनेस प्रमाण पत्र नहीं दिया जाएगा. मुंबई ट्रैफिक पुलिस ने चार पहिया वाहनों की पीछे वाली सीट पर भी बैठे सह-यात्रियों के लिए सीट बेल्ट अनिवार्य कर दिया है। एक नवंबर से इस नियम का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, मुंबई ट्रैफिक पुलिस के आदेश के बाद यह भी जांचा जाएगा कि फिटनेस सर्टिफिकेट लेने आने वाले वाहनों में सीट बेल्ट है या नहीं. उन्होंने यह भी बताया कि सीट बेल्ट नहीं होने पर योग्यता प्रमाण पत्र नहीं दिया जाएगा। इस आदेश के बाद कहा गया कि मुंबई शहर के सभी आरटीओ इस पर विचार कर रहे हैं। मुंबई ट्रैफिक पुलिस द्वारा लिए गए इस फैसले से इस समय सड़कों पर चल रही पुरानी टैक्सियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है. मुंबई टैक्सीमेन यूनियन के महासचिव ए. एल क्वाड्रोज ने कहा कि, मुंबई में बड़ी संख्या में काली और पीली टैक्सियां चलती हैं। नई कंपनियों की टैक्सियां भी हैं। साथ ही पुरानी ओमनी टैक्सियां भी हैं जिनमें पीछे की सीटों में मध्यम यात्री के लिए सीटबेल्ट की सुविधा नहीं है। इसलिए नई सीट बेल्ट लगाने के लिए एक से दो हजार रुपये की अतिरिक्त राशि देनी होगी, उन्होंने कहा कि टैक्सी एसोसिएशन सोमवार तक इस पर फैसला ले लेगा। साथ ही अनिवार्य सीट बेल्ट होने से टैक्सी चालकों और यात्रियों के बीच विवादों से भी इंकार नहीं कर सकता।



# मुंबई की अंधेरी पूर्व विधानसभा सीट पर उपचुनाव नहीं लड़ेगी भाजपा...

## बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बावनकुले

**मुंबई:** बीजेपी मुंबई की अंधेरी पूर्व विधानसभा सीट पर तीन नवंबर को होने वाला उपचुनाव नहीं लड़ेगी. पार्टी की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने सोमवार को यह जानकारी दी. बावनकुले ने नागपुर में कहा, भाजपा ने अंधेरी पूर्व उपचुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है. मुरजी पटेल, जिन्होंने भाजपा से नामांकन दाखिल किया था, अब इसे वापस ले लेंगे. वरना हम चुनाव जीत सकते थे. उन्होंने कहा, भाजपा ने पूर्व में भी कुछ उपचुनाव नहीं लड़े थे.



बता दें कि मनसे चीफ राज ठाकरे ने राज ठाकरे ने राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से दिवंगत रमेश लटके के प्रति सम्मान जताने के लिए भाजपा के उम्मीदवार को मैदान में नहीं उतारने की अपील की थी और एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने रविवार को उपचुनाव में ऋतुजा लटके के निर्विरोध चुनाव की मांग की थी. इस साल मई में शिवसेना विधायक रमेश लटके की मृत्यु के कारण अंधेरी पूर्व विधानसभा सीट पर उपचुनाव हो रहा है। उपचुनाव के लिए नामांकन वापस लेने का सोमवार को अंतिम दिन है. उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले शिवसेना के धड़े ने उपचुनाव में रमेश लटके की पत्नी ऋतुजा लटके को मैदान में उतारा है. राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार ने रविवार को उपचुनाव में ऋतुजा लटके के निर्विरोध चुनाव की मांग की, जबकि महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) अध्यक्ष राज ठाकरे ने राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से दिवंगत रमेश लटके के प्रति सम्मान जताने के लिए भाजपा के उम्मीदवार को मैदान में नहीं उतारने की अपील की थी. बता दें कि मुंबई की अंधेरी ईस्ट विधानसभा सीट पर तीन नवंबर को होने वाले उपचुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी मुरजी पटेल और शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी की उम्मीदवार ऋतुजा पटेल ने शुक्रवार को नामांकन दाखिल किए थे।

# भिवंडी के एसटी स्टैंड पर गड्ढों की भरमार, यात्रियों को हो रही परेशानी



**भिवंडी:** भिवंडी एसटी स्टैंड पर जानलेवा गड्ढों से समूचा परिसर भर गया है। देखने में ऐसा लगता है कि बस स्टैंड बसों के लिए न होकर गड्ढों के लिए ही बनाया गया हैं। एसटी महामंडल द्वारा गड्ढों की मरम्मत नहीं किए जाने के कारण लोगों को परेशानी हो रही है. क्षेत्रीय बस स्टैंड प्रवन्धक से की जा रही बार-बार शिकायत के बाद भी गड्ढों की मरम्मत नहीं की जा रही हैं, जिससे यात्रियों में भारी आक्रोश फैल रहा है। गौरतलब है कि बरसात से पूर्व ही भिवंडी बस स्टैंड परिसर में जानलेवा गड्ढों की भरमार थी जो बारिश में गड्ढों की तादाद बढ़ने से और खतरनाक हो गयी है। एसटी स्टैंड परिसर गड्ढों से भरा पड़ा है जिससे गुजरकर ही बसों पर चढ़ना और उतरना प्रतिदिन हजारों यात्रियों की भारी मजबूरी बन चुकी है। गड्ढों में गिरकर पैर की हड्डी टूट गई यात्री चढ़ते उतरते वक्त गड्ढों में गिरकर हाथ पांव-तोड़ कर उपचार के लिए मजबूर हैं। 2 दिन पूर्व ही राम सुमेरपाल नामक मोखाडा जा रहे यात्री की बस में चढ़ते समय गड्ढों में गिरकर पैर की हड्डी टूट गई। भिवंडी पावरलूम नगरी होने की वजह से प्रतिदिन हजारों यात्री व्यापार के लिए शहर और ग्रामीण क्षेत्रों जैसे कल्याण, ठाणे, नवी मुंबई, नासिक, मुम्बई, वाड़ा आदि दूरदराज क्षेत्रों को जाते और आते हैं।

# मुंबई के हाजी अली में कचरे से बन रही बिजली...



**मुंबई :** मुंबई के हाजी अली में कचरे से बिजली बनाने की परियोजना को और आगे बढ़ाया जाएगा। बीएमसी ने कचरे से बिजली बनाने के लिए लगाई गई परियोजना से बीएमसी के वर्ली स्थिति हब को बिजली सप्लाई किया जा रहा है। इस परियोजना के रख रखाव के लिए बीएमसी ने संबंधित ठेकेदार का कांट्रैक्ट बढ़ाने का निर्णय लिया है। इसके लिए बीएमसी दो करोड़ 17 लाख रुपए खर्च करने जा रही है।

मुंबई के मोडक सागर तालाब में पानी से बिजली बनाने की परियोजना शुरू की गई थी। उसके बाद डी वार्ड केशवराव खाडे मार्ग हाजी अली में कचरे से बिजली बनाने की परियोजना शुरू की गई। देवनार में भी कचरे से बिजली बनाने की परियोजना स्थापित की गई है। इससे बीएमसी को अच्छी खासी बिजली मिल रही है। केशवराय खाडे मार्ग में रोजाना दो मैट्रिक टन कचरे को प्रक्रिया कर बायो मेथनेशन पद्धति से बिजली बनाने का काम चल रहा है। यहां पैदा होने वाली बिजली ईवी चार्जिंग स्टेशन के लिए उपलब्ध कराने की योजना है। इस परियोजना के निर्माण का ठेका जीपी एस रिन्युएबल ने किया है, लेकिन परियोजना की देखभाल एरोकेयर एविएशन सर्विसेस लि. की तरफ से मुफ्त किया जाता है। पिछले एक वर्ष से गीले कचरे से मिथेन गैस का निर्माण किया जा रहा है। इस परियोजना को पूरी क्षमता के साथ चलाया जाना जरुरी है।

### बीएमसी बढ़ाने जा रही है कांट्रैक्ट

**परियोजना की देखरेख करने वाली कंपनी का एग्रीमेंट खत्म हो गया है। उसके बाद इसकी देखरेख बीएमसी को करना है। बीएमसी ने उक्त कंपनी को दुबारा से मरम्मत और रखरखाव करने की मांग थी थी। एयरोकेयर का काट्रैक्ट बीएमसी ने अगले सात वर्ष के लिए बढ़ाने जा रही है। जिस पर 2 करोड़ 17 लाख रुपए खर्च आएंगे। ठेके की राशि में प्रति वर्ष 5 प्रतिशत की वृद्धि की जाएगी। यह प्रस्ताव मंजूरी के लिए बीएमसी प्रशासक के पास भेजा गया है।**

# सर्वे में हार के अनुमान से डरी भाजपा?

## अंधेरी पूर्व से उम्मीदवार हटाने पर छिड़ी चर्चा, गुजरात कनेक्शन भी वजह...

**मुंबई :** मुंबई की जिस विधानसभा सीट पर उपचुनाव चर्चा का विषय बना हुआ है वहां भाजपा ने अपने उम्मीदवार का नाम वापस लेने का फैसला कर लिया है। एक दिन पहले ही एमएनएस चीफ राज ठाकरे और एनसीपी चीफ ने भाजपा से इसके लिए अपील भी की थी। यह सीट यहां से शिवसेना विधायक रहे रमेश लटके के निधन के बाद खाली हो गई थी। वहीं शिवसेना के दो धड़ों में बंटने के बाद अंधेरी पूर्व की सीट एक तरह से दोनों गुटों के लिए युद्ध का मैदान बन गई थी।

**क्या है गुजराती कनेक्शन ?**

भाजपा के आंतरिक सूत्रों का



कहना है कि पार्टी के सर्वे के मुताबिक यहां लोगों की संवेदना उद्धव ठाकरे गुट की उम्मीदवर ऋतुजा लटके के साथ थी। इसकी मुख्य वजह यही है कि वह यहां से पूर्व विधायक रमेश लटके की विधवा हैं। इसके अलावा नामांकन वापस लेने के पीछे गुजराती कनेक्शन भी हो सकता है। भाजपा के प्रत्याशी को लेकर सोशल मीडिया पर काफी चर्चा चल रही थी कि भाजपा 'मराठा अभिमान' के साथ समझौता करके एक गुजराती को यहां से टिकट दे र ही है। अंत में पार्टी को अपनी उम्मीदवारी वापस लेने का ही फैसला करना पड़ गया। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने बताया, स्थानीय लोगों में ऋतुजा के प्रति काफी सहानुभूति है। एक तो उनके पति का निधन हो गया था दूसरे बीएमसी के नाटक की वजह से उन्हें और भी लोकप्रियता और सहानुभूति हासिल हो गई। वह बीएमसी में क्लर्क के पद पर थीं लेकिन उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया जा रहा था। कोर्ट के दखल के बाद ही उनका इस्तीफा स्वीकार किया गया और वह अपना नामांकन दाखिल कर सकीं। वहीं भाजपा नेता का यह भी कहना है कि चुनाव आयोग द्वारा पार्टी का नाम और निशान दिए जाने के बाद उद्धव ठाकरे के पक्ष में कुछ वर्गों में ध्रुवीकरण भी हुआ है।

# पत्नी से मिलकर आया, सुसाइड किया...मायके पर रह रही थी पत्नी, करवाचौथ पर मुंबई गया था

**मुंबई :** शहर के कुन्हाड़ी थाना क्षेत्र में एक युवक ने सुसाइड कर लिया। मृतक अजय कुमार (32) पार्श्वनाथ अपारमेंट में रह रहा था। जो प्राइवेट जॉब करता था। आपसी विवाद के चलते कुछ समय पहले उसकी पत्नी अपने मायके मुंबई चली गई। अजय करवाचौथ के लिए अपनी पत्नी के पास मुंबई गया था। लौटने के बाद कमरे में फांसी



लगा ली। फिलहाल ये जानकारी नहीं मिली है कि उसने फांसी कब लगाई। रविवार शाम को पुलिस ने शव को एमबीएस की मोर्चरी में रखवाया है। पत्नी के आने के बाद पोस्टमार्टम किया जा सकेगा। मृतक की बहिन जयवंती ने बताया कि अजय ससुराल से करवाचौथ करके लौटा था।14 अक्टूबर को वो घर पर खाना खाने आया था। 15 को वो नहीं आया। उसने कहा था कि आज नहीं आऊंगा कल आऊंगा। 16 अक्टूबर को उसके घर गई तो दरवाजा लगा हुआ था। गार्ड ने पीछे बालकनी में जाकर गेट तोड़ा। अजय फांसी पर लटका हुआ था।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com

www.rokthoklekaninews.com facebook@rokthoklekhani youtube@rokthoklekhani twitter@rokthoklekhani